प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:05 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजोले भी उपस्थित रहेंगी।

केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र कल से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा। आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये पहला बजट है। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि ये बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों की संख्या में इस वर्ष मई के महीने में 19 लाख पचास हजार की वृद्धि हुई है। ये वर्ष 2018 में पहला पे-रोल डेटा जारी होने के बाद से किसी एक महीने में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष मई में लगभग नौ लाख 85 हजार सदस्य संगठन से जुड़े और इस वर्ष अप्रैल से नए सदस्यों की संख्या में दस दशमलव नौ छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार, संगठन के सदस्यों में मई 2023 के बाद से 19 दशमलव छह-दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समझा जाता है कि यह वृद्धि रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी, कर्मचारी के लाभों के प्रति बढती जागरुकता और संगठन के आउटरीच कार्यक्रमों के कारण हुई है। इस दौरान लगभग 14 लाख सदस्यों ने संगठन की सदस्यता दोबारा ली है।

कृषि व पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने कल कांगड़ा जिला के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों व क्षेत्र की लम्बित मांगों के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर ठेकेदारों के कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की गुणवत्ता तय मानकों के तहत नहीं पाई जा रही है उनका निविदाएं कर 15 दिनों के भीतर दूसरे ठेकेदार को टेंडर अवार्ड किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों के किनारे नालियों की

नियमित सफाई सुनिश्चित बनाने के साथ जिन स्थानों में ड्रेनेज नहीं है वहां उचित ड्रेनेज बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पशु पालन विभाग के अंतर्गत एक करोड़ रूपये की लागत से कुठेड़, भलाड़, कनैत व नगरोटा सूरियां में पशु औषधालयों का निर्माण किया जा रहा है।

.....

आज गुरू पूर्णिमा है। इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। ये दिन आध्यात्मिक गुरुओं और आचार्यों को समर्पित होता है। इस अवसर पर लोग अपने गुरुओं के प्रति अहोभाव प्रकट करते हैं, जिन्होंने उनका पथ–प्रदर्शन किया है और जीवन को नई दिशा दी है। भगवान बुद्ध ने सम्बोधि प्राप्त होने पर बोधगया से सारनाथ की यात्रा की थी और आज ही के दिन अपना पहला धर्मोपदेश दिया था। इसलिए, बुद्ध के अनुयायियों के लिए भी आज का दिन कृतज्ञता ज्ञापन का होता है।

.....

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर वेबसाइट पर शहर–वार और केन्द्र –वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम अब वेबसाइट neet डॉट ntaonline डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

.....

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने पावंटा में बादल फटने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शीर्षक है–**सिरमौर में बादल फटा, नाले का बहाव बदलते हुए व्यक्ति बहा। पंजाब केसरी की सुर्खी है– पांवटा साहिब में बादल फटा, एक की मौत, काजा में फंसे 18 लोग रैस्क्यू।** दैनिक भास्कर के शब्द हैं– पांवटा के रेतुआ गांव में बादल फटने से एक मौत, प्रदेश मे कल भारी बारिश का अलर्ट। आपका फैसला लिखता है–**हिमाचल के कई भागों में दो दिन तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट–मनाली में सर्किट हाउस के भवन पर पेड़ गिरने से भारी नुकसान।**

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**बाबा बालकनाथ मंदिर के लिए 65 करोड़ से बनेगा रोपवे।** दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार– **रोपवे से बाबा बालकनाथ मंदिर पहुंच सकेंगे दर्शनार्थी।**

राजस्व संसाधन जुटाने के लिए मंत्रिमंडलीय उप–समिति गठित शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है– उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे अध्यक्ष।

दैनिक जागरण की एक खबर है– **बिना टैक्स आने वाले वाहनों को हिमाचल में नहीं मिलेगा प्रवेश।**

दिव्य हिमाचल की एक सुर्खी है–**मार्केटिंग बोर्ड में सात करोड़ का विवादित टेंडर कैंसिल।**

श्रीखंड में लंगर सेवा के लिए जा रहे युवक की खाई में गिरने से मौत अमर उजाला की एक खबर है।

हिमाचल में हवाई उड़ानों में मौसम बना बाधा शीर्षक से आपका फैसला लिखता है– कुल्लू–शिमला हवाई अड्डे में 5 हजार मीटर की विजिबिलिटी नहीं।

....